राष्ट्रमंडल खेल | अस्मिता डे, हर्ष सिंह और यामिनी मौर्य ने रचा इतिहास

# जूडो स्पर्धा के पहले ही दिन भारत को दो स्वर्ण



**नवभारत, जबलपुर।** स्कॉटलैंड के ग्लासगो में आयोजित हो रहे 23वें राष्ट्रमंडल खेल 2026 में जूडो स्पर्धा के पहले ही दिन भारतीय खिलाड़ियों द्वारा किए गए ऐतिहासिक प्रदर्शन से संस्कारधानी जबलपुर के खेल जगत में अपार उत्साह और हर्ष का माहौल है। जबलपुर जिला जूडो संघ के सचिव एवं वरिष्ठ जूडो कोच आबिद हुसैन खान ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता के पहले दिन भारत की होनहार महिला खिलाड़ी अस्मिता डे ने –48 किलोग्राम भार वर्ग के रोमांचक फाइनल मुकाबले में कनाडा की खिलाड़ी को शिकस्त देकर राष्ट्रमंडल खेलों के इतिहास में भारत को जूडो का पहला ऐतिहासिक स्वर्ण पदक दिलाया है। इसके पश्चात पुरुष वर्ग के –60 किलोग्राम भार वर्ग श्रेणी के फाइनल में हर्ष सिंह ने अपना दबदबा कायम रखते हुए ऑस्ट्रेलिया के प्रतिद्वंद्वी को हराकर देश के लिए दूसरा स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि मध्य प्रदेश की होनहार खिलाड़ी यामिनी मौर्य ने –57 किलोग्राम भार वर्ग में बेहतरीन तकनीक का परिचय देते हुए रजत पदक अपने नाम किया।

### मैट पर उतरेंगे अन्य प्रतिभाशाली खिलाड़ी

आबिद हुसैन खान ने यह भी बताया कि 1 अगस्त को भी जूडो स्पर्धा में उन्नति शर्मा (–63 किलोग्राम), इनुंगनबी तखेलम्बम (–70 किलोग्राम), हर्ष तोकस (–81 किलोग्राम) एवं करनजीत सिंह मान (–90 किलोग्राम) जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी मैट पर उतरेंगे। पूरा देश इनसे एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं पदक हासिल करने की पूर्ण उम्मीद लगाए बैठा है। वरिष्ठ जूडो कोच ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि एक ही दिन में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर भारतीय जूडो खिलाड़ियों ने यह साबित कर दिया है कि भारतीय जूडो अब विश्व स्तर पर किसी से पीछे नहीं है। यह ऐतिहासिक सफलता देश के उभरते हुए जूडो खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी।

### मिठाई खिलाकर मनाया जीत का जश्न

इस ऐतिहासिक सफलता पर त्रिभुवनदास मालपानी जूडो सेंटर, मिलौनीगंज के जूडो खिलाड़ियों ने अपनी अपार प्रसन्नता व्यक्त करते हुए एक-दूसरे का मिष्ठान से मुंह मीठा कराकर जीत का जश्न मनाया। भारतीय जूडो टीम की इस शानदार उपलब्धि पर जबलपुर जिला जूडो संघ के अध्यक्ष रवि गुप्ता, राजकुमार मिश्रा, डॉ. एस. एन. श्रीवास्तव, शायदा अली, सत्येंद्र गुरु, गौरी शंकर सार, प्रभव महेश्वरी, विभव महेश्वरी, रत्नेश सोनकर, एडवोकेट अभ्युदय सिंह, एडवोकेट अताउर्रहमान, डॉ. मोहसिन अंसारी, डॉ. दीपेंद्र यादव, डॉ. विजेंद्र यादव, रोशनी राठौर, नाज़नीन अंजुम मंसूरी, तावेज़ अली, साबिर अंसारी, रितेश डोसिया एवं दिव्या सोनी आदि ने पदक विजेताओं को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# गन फॉर ग्लोरी शूटिंग अकादमी मनाएगी वीरांगना सप्ताह

**नवभारत, जबलपुर।** सुभद्रा कुमारी चौहान की जयंती के उपलक्ष्य में गन फॉर ग्लोरी शूटिंग अकादमी, जबलपुर द्वारा 3 अगस्त से 7 अगस्त तक महिला सशक्तिकरण को समर्पित 'वीरांगना सप्ताह' का आयोजन किया जा रहा है। सुभद्रा कुमारी चौहान की कालजयी कविता 'खूब लड़ी मर्दानी, वो तो झाँसी वाली रानी थी' ने स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं के साहस को अमर बनाया और उनकी रचनाएँ आज भी नई पीढ़ी को प्रेरित करती हैं। इसी भावना के साथ शुरू हो रहे इस विशेष सप्ताह का मुख्य उद्देश्य संस्कारधानी की बेटियों एवं महिलाओं में साहस, आत्मरक्षा, अनुशासन और आत्मविश्वास की भावना को प्रोत्साहित करना है। खेलों, विशेषकर शूटिंग स्पोर्ट्स के माध्यम से उन्हें अपनी आंतरिक क्षमता को पहचानने और नए अवसरों की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

### महिलाओं के लिए नि :शुल्क शूटिंग ट्रायल

इस विशेष आयोजन में स्कूल एवं कॉलेज की छात्राएँ, महिला क्लबों की सदस्याएँ तथा वरिष्ठ महिलाएँ आमंत्रित हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक अनुभवी प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में एयर राइफल शूटिंग का नि:शुल्क ट्रायल आयोजित किया जाएगा, जिससे प्रतिभागियों को शूटिंग खेल का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हो सके। ट्रायल के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को अकादमी के प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी, जिससे वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी अब महिला व पुरुष दोनों वर्गों के लिए समान प्रारूप लागू है, जहां महिला खिलाड़ियों ने श्रेष्ठ क्षमता का परिचय दिया है। शूटिंग स्पोर्ट्स ट्रेनिंग एसोसिएशन ऑफ जबलपुर के सहयोग से पिछले सात वर्षों से संचालित यह अभियान महिलाओं को खेलों के माध्यम से सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है, जहां से प्रशिक्षण प्राप्त अनेक खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर जबलपुर और मध्य प्रदेश का गौरव बढ़ा चुकी हैं।

## एक नजर में

### सूने मकान से जेवरात, नगदी ले उड़े चोर

**नवभारत,जबलपुर।** कुंडम थाना अंतर्गत चांदनी चौक बघराजी में चोरों ने एक सूने मकान का ताला तोड़कर जेवरात, नगदी पार कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक शनिवार को अनिल कुमार कोल 52 वर्ष निवासी चांदनी चौक बघराजी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह विद्यावैली स्कूल के बच्चों की सवारी वेन चलाता है । उसकी पत्नी व बच्चे धान रोपा लगाने खेत चले गये थे वह सुबह वेन चलाने गया था सुबह लगभग 11-30 बजे घर वापस आया खाना पीना खाकर दोपहर लगभग 3 बजे पुन: विद्यावैली स्कूल वेन चलाने घर के कमरे के दरवाजे का ताला लगाकर छोटा बच्चा को घर पर छोड़कर चला गया था बड़ा बेटा रितिकानंद कोल दोपहर लगभग 3-30 बजे रोपा लगाकर घर वापस आया देखा दोनों कमरों के दरवाजों के ताले टूटे हुये थे दरवाजा उड़के हुये थे अंदर देखने आलमारी व पिर सामान बिखरा हुआ था बेटे ने उसे फोन कर घटना के बारे में बताया, उसने पत्नी को खेत से बुलवाया और घर में रखा सामान चैक करने पर जेवरात, नगदी गायब थे।

### बाइक की टक्कर से दो घायल

**नवभारत,जबलपुर।** मझौली थाना क्षेत्र में बाइक की टक्कर से दो लोग घायल हो गए । पुलिस के मुताबिक दुर्गेश कुमार चौधरी 32 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 5 पनागर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शनिवार दोपहर लगभग 1 बजे वह कटावधाम मंदिर घूमने गया था वहां से दर्शन करके नीचे उतरा ही था कि पड़ोस में रहने वाली हसीना बी एवं उनका लडका अजाय खान मिले, फिर तीनों घर जाने के लिये रोड़ किनारे बस का इंतजार कर रहे थे, तभी मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 जेड बी 0635 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसे एवं हसीना बी को टक्कर मार दिया जिससे दोनों को हाथपैर व शरीर में चोटें आई।

### जुआ फड़ पर छापा, आठ जुआरी पकड़ाए

**नवभारत,जबलपुर।** रानीताल शारदा मंदिर के पीछे सजे जुआ फड़ पर लार्डगंज पुलिस ने छापा मार कार्रवाई करते हुए आठ जुआरियों को गिरफ्तार किया जिनके कब्जे से 2 हजार 680 रूपये जप्त किए गए। पुलिस ने बताया कि रानीताल शारदा मंदिर के पीछे गली में खम्बे के नीचे ताश पत्तों पर रूपये की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे दुर्गेश बर्मन, अंचल कश्यप, अजय विश्वकर्मा, अर्पित पटेल, रोहित साहू, शिवम अग्रवाल, अखिलेश विश्वकर्मा, सुमित राजपूत को दबोचा गया । जुआरियों के कब्जे से ताश के 52 पत्ते, 2 हजार 680 रूपये जप्त किए गए।

# प्रतिमाओं के खंडित मिलने पर भड़का आक्रोश

- राष्ट्रीय बजरंग दल ने कराया सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं महाआरती



**नवभारत,जबलपुर ।** अधारताल क्षेत्र की वेकेशर बिहार कॉलोनी, न्यू रामनगर स्थित लगभग 16 वर्ष पुराने प्राचीन शिव मंदिर में शिवलिंग, भगवान हनुमान जी एवं अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं खंडित अवस्था में मिलने से क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक मंदिर परिसर में एकत्रित हुए तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। घटना को लेकर राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मौके का निरीक्षण किया। धार्मिक आस्था को पुनर्स्थापित करने तथा क्षेत्र में शांति एवं एकता का संदेश देने के उद्देश्य से क्षेत्रीय नागरिकों के सहयोग से मंदिर परिसर में सामूहिक श्रीहनुमान चालीसा पाठ एवं विशाल महाआरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर धार्मिक एकता एवं सामाजिक सद्भाव का परिचय दिया।

राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रांत मंत्री अर्पित सिंह ठाकुर ने प्रशासन से मांग की है कि मंदिर में हुई तोड़फोड़ एवं प्रतिमाओं के खंडित किए जाने की घटना की निष्पक्ष एवं शीघ्र जांच कर दोषियों की पहचान करते हुए उनके विरुद्ध विधि सम्मत कठोर कार्रवाई की जाए, जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो तथा समाज में शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे। इस अवसर पर प्रिया गर्ग, सरिता तिवारी, एकता ठाकुर, सुदामा तिवारी, मथुरा ठाकुर, सावित्री विश्वकर्मा, सुनीता यादव, मीनू श्रीवास्तव, विनीता चौबे, सावित्री राव, अधिवक्ता अभिषेक उपाध्याय, अधिवक्ता अमित उपाध्याय, अधिवक्ता सोनू श्रीवास्तव, अधिवक्ता विकास तोमर, अधिवक्ता मयूर कनोजिया, छोटू शर्मा, मुकेश गौतम, राहुल पटेल, दीपक ठाकुर सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक, कॉलोनीवासी एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गोकलपुर वार्ड में कचरा डंपिंग से बढ़ी परेशानी



**नवभारत, जबलपुर।** गोकलपुर वार्ड के शोभापुर स्थित विकल मोड़ पर लगातार कचरा और मरे हुए जानवर फेंके जाने से क्षेत्रवासियों की परेशानियां बढ़ गई हैं। युवक कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव रोहित सैनी ने आरोप लगाया कि नगर निगम की लापरवाही के कारण यह स्थान कचरा डंपिंग का अड्डा बन गया है। यहां बड़ी संख्या में आवारा कुत्ते जमा रहते हैं, जिससे आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। साथ ही कचरे और मृत पशुओं से उठने वाली दुर्गंध के कारण शोभापुर, पुराना शोभापुर, भड़पूरा, उदयनगर और आजाद नगर सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रोहित सैनी ने कहा कि इस समस्या को लेकर क्षेत्र की जनता में लगातार आक्रोश बढ़ रहा है और कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर कचरा डंपिंग बंद कर क्षेत्र की सफाई नहीं कराई गई तो स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर नगर निगम के संबंधित जोन कार्यालय का घेराव किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की होगी।

# तेंदुए के दांत टूटने के आरोपों पर मचा हड़कंप

**नवभारत, जबलपुर।** नरसिंहपुर से कैनाइन डिस्टेंपर डिजीज के उपचार के लिए नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ वाइल्डलाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ लाई गई एक मादा तेंदुए को लेकर गंभीर विवाद खड़ा हो गया है। एडवोकेट डॉ. दीपा कुलश्रेष्ठ एवं एनिमल स्पेशलिस्ट मनीष कुलश्रेष्ठ ने विश्वविद्यालय प्रशासन को कानूनी नोटिस भेजकर आरोप लगाया है कि तीन महीने तक कंक्रीट के बाड़े में कृत्रिम रोशनी और पंखों के बीच रखने के कारण तेंदुए की शारीरिक व मानसिक स्थिति बिगड़ गई और उसके 16 दांत टूट गए। नोटिस में दावा किया गया है कि दांत क्षतिग्रस्त होने से वह भविष्य में प्राकृतिक वातावरण में शिकार करने की क्षमता खो सकती है। इसके साथ ही तीन माह की कैद के दौरान एक बार तेंदुए के बाड़े से बाहर भागने की घटना ने संस्थान की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं।

### विश्वविद्यालय प्रशासन ने बैठाई उच्च स्तरीय जांच समिति

एनिमल स्पेशलिस्ट ने संबंधित संस्थान का वेटरनरी काउंसिल ऑफ इंडिया में आवश्यक पंजीकरण न होने और प्रयोगशाला को एनएबीएच जैसी मान्यता न मिलने पर भी सवाल उठाए हैं। कानूनी नोटिस में तेंदुए को रखने की वैधानिक अनुमति सार्वजनिक करने, स्वतंत्र पशु चिकित्सकों की समिति से जांच कराने तथा वन्यजीव संरक्षण अधिनियम व एनटीसीए गाइडलाइन के उल्लंघन की समीक्षा करने की मांग की गई है। मामले के सामने आने के बाद वन्यजीव विशेषज्ञों के बीच देश में वन्यजीव उपचार और पुनर्वास व्यवस्था पर व्यापक बहस छिड़ गई है। इस पूरे विवाद पर विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. राखी वैश्य ने कहा है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच के लिए एक विशेष समिति गठित कर दी गई है जो सभी तथ्यों व अभिलेखों की जांच करेगी, जिसके बाद ही आधिकारिक रूप से आवश्यक कार्रवाई का निर्णय लिया जाएगा।

# गेंहू के बदले चावल नहीं दिया तो सेल्समेन को पीटा

**नवभारत,जबलपुर।** मझगवां थाना अंतर्गत रमखिरिया में गेंहू के बदले चावल नहीं देने पर उपभोक्ता ने साथी के साथ मिलकर सेल्समेन की पिटाई कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक सौरभ सोनी 25 वर्ष निवासी रमखिरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह राशन वितरण सोसायटी रमखिरिया में सेल्समेन का काम करता है। दोपहर में गांव का शुभम पटेल सोसायटी में आया और बोला चावल दे दो, गेंहू नहीं चाहिये, उसने कहा कि चावल, गेंहू दोनों बराबर मिलेगें तो शुभम पटेल, गेंहू चावल लेकर चला गया था इसी बात पर शुभम पटेल लकी बर्मन के साथ सोसायटी आया और विवाद करने लगा । शुभम पटैल उसके साथ हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगा तथा चाबी के गुच्छे से सिर में मारकर चोट पहुँचा दी लकी बर्मन ने बीच बचाव किया तो शुभम पटैल जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।

# अभाविप ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग उठाई



**नवभारत, जबलपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महाकोशल प्रांत द्वारा मध्य प्रदेश के शासकीय एवं निजी चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा महाविद्यालयों में अध्ययनरत एमबीबीएस एवं बीडीएस इंटर्न्स डॉक्टर्स का मासिक स्टाइपेंड वर्तमान 14,337 रुपए से बढ़ाकर 30,000 रुपए प्रति माह किए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ज्ञापन प्रेषित किया गया है। अभाविप के प्रांत मंत्री सुव्रत बाझल और मेंडिवीजन के प्रांत संयोजक डॉ. सम्राट नायक ने बताया कि इंटर्न्स अस्पतालों की स्वास्थ्य सेवाओं का महत्वपूर्ण आधार बनकर इमरजेंसी, आईसीयू और ओपीडी में नियमित सेवाएं प्रदान करते हैं, लेकिन वर्तमान स्टाइपेंड बढ़ती महंगाई और जीवन-यापन की आवश्यकताओं की तुलना में अत्यंत कम है। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के अनुसार जब देशभर में चिकित्सा विद्यार्थियों की शिक्षा और कार्यदायित्व एक समान हैं, तब विभिन्न राज्यों के बीच स्टाइपेंड में अत्यधिक असमानता उचित नहीं है। परिषद ने मांग की है कि स्टाइपेंड में प्रतिवर्ष महंगाई भत्ते के आधार पर स्वत: वृद्धि का स्थायी प्रावधान लागू किया जाए ताकि इंटर्न्स को हर वर्ष आंदोलन का सहारा न लेना पड़े। इस अवसर पर मुख्य रूप से आर्यन पुंज, डॉ. प्रभांश शर्मा, ऐश्वर्या सोनकर, तृषा पांडे, साक्षी बोहरे, डॉ. नंदनी रघुवंशी, डॉ. सौरभ पटेल, महिमा जनुमिया, शुभांगी, डॉ. भावेश, डॉ. ओम भोजक एवं डॉ. श्रेयांश सहित अनेक मेडिविजन कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नवाचार | वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में एक बड़ी पहल शुरू

# वीआईटी छात्रों के इनोवेशन को 50 लाख का बड़ा तोहफा




**वेल्लोर, 01 अगस्त।** तकनीकी शिक्षा के साथ नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में एक बड़ी पहल शुरू हुई है. बेंगलुरु स्थित प्रौद्योगिकी कंपनी जीरो व्हाय नॉट टेक्नोलॉजीज ने संस्थान के छात्रों के नवोन्मेषी प्रोजेक्ट और उद्यमशीलता से जुड़े प्रयासों को आर्थिक मजबूती देने के लिए 50 लाख रुपए के स्थायी निधि कोष की घोषणा की है.

कंपनी ने इस पहल को आगे बढ़ाते हुए अगले पांच वर्षों में करीब 45 करोड़ रुपए का स्थायी निधि कोष स्थापित करने की प्रतिबद्धता भी जताई है. इसे देश में विद्यार्थियों के लिए उद्योग जगत की ओर से की जा रही बड़ी नवाचार समर्थित पहलों में से एक माना जा रहा है. यह पहल मार्च 2026 में जीरो व्हाय नॉट टेक्नोलॉजीज और वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के बीच हुए समझौता ज्ञापन का हिस्सा है. इस समझौते का उद्देश्य संस्थान के छात्र नवप्रवर्तकों को आर्थिक सहायता के साथ-साथ उद्योग जगत का मार्गदर्शन, विशेषज्ञ सलाह और नए उद्यम शुरू करने से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराना है ताकि उनके नए विचारों को सफल तकनीकी उत्पादों और व्यावसायिक उपक्रमों में बदला जा सके. कंपनी का मानना है कि प्रतिभाशाली छात्रों के पास नए विचार और तकनीकी क्षमता तो होती है, लेकिन कई बार पर्याप्त आर्थिक संसाधनों के अभाव में वे अपने प्रोजेक्ट को अगले स्तर तक नहीं ले जा पाते. ऐसे छात्रों के लिए यह निधि महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है. निधि की पहली 50 लाख रुपए की किस्त 15 जुलाई को वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में आयोजित बीटेक छात्र अभिमुखीकरण कार्यक्रम के दौरान प्रदान की गई।



# मसीही समाज 9 को निकालेगा तिरंगा यात्रा

**नवभारत, जबलपुर।** संयुक्त मसीही समाज के तत्वावधान में 9 अगस्त को दोपहर 3 बजे निकलने वाली विशाल तिरंगा यात्रा 2026 की तैयारियों को लेकर शनिवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें इसे भव्य, अनुशासित और राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ संपन्न कराने पर विस्तृत चर्चा हुई। इस यात्रा में समाज के धर्मगुरु, युवा, महिलाएँ और नागरिक हाथों में राष्ट्रध्वज लेकर नगर भ्रमण करेंगे तथा देश की शांति, समृद्धि और नागरिकों के कल्याण के लिए सामूहिक प्रार्थना करेंगे। इस दौरान 'हर घर तिरंगा - घर-घर तिरंगा' अभियान के तहत जन-जन तक देशभक्ति का संदेश पहुँचाने के लिए नि:शुल्क तिरंगा वितरित किया जाएगा। बैठक में सभी नागरिकों और सामाजिक संगठनों से परिवार सहित सम्मिलित होकर राष्ट्र की एकता, अखंडता और भाईचारे का संदेश देने की अपील की गई। इस अवसर पर तिरंगा यात्रा के आयोजक एवं संयोजक शान कुमार, विनोद चेम्बर्स, डैंजील आंग्रे, डेविस समाधानम, नितिन भरोस, जैरी दयाल, फ्रांसिस मरियान, पी. राजा बाबू एवं मनोज एंथनी सहित कई वरिष्ठजन उपस्थित रहे।